मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 279 | सोमवार, 3 फरवरी 2025 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

@ulhasvikas

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A.

Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें.

डायरेक्टर ने प्रियंका से की थी गलत डिमांड

# बांग्लादेशी घुसपैठिए रडार पर

## पुलिस ने होटल और बार मालिकों को कार्रवाई की चेतावनी दी

**उल्हासनगर.** देश में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। इसके तहत कल्याण-डोंबिवली पुलिस स्टेशन की सीमा में सभी होटल व्यवसायियों, बार मालिकों, लॉजिंग और बोर्डिंग, श्रम ठेकेदारों, बिल्डरों, ठेकेदारों और सोसायटियों के लिए काम करने वाले मजदूरों को पुलिस स्टेशन को जानकारी देने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। पुलिस ने संबंधित स्थानों पर पाए गए बांग्लादेशी मजदूरों और श्रमिकों के बारे में जानकारी छिपाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है.

पुलिस पिछले कुछ दिनों से कल्याण-डोंबिवली क्षेत्र में रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। बताया गया है कि ये बांग्लादेशी नागरिक होटलों, बार, लॉजिंग बोर्डिंग, श्रम ठेकेदारों और निर्माण स्थलों पर मजदूरी कर रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में कल्याण के पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे एक्शन मोड में आ गए हैं। पुलिस आयुक्त कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार कल्याण डोंबिवली पुलिस स्टेशन में होटल व्यवसायी, बार, लॉजिंग बोर्डिंग, बिल्डर, होमस्टे, अन्य मजदूर और श्रमिकों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी किए गए हैं। प्रवासी श्रमिकों को व्यवसायी विभिन्न कार्यों के लिए काम पर रखते हैं। इसलिए नाम, पता, पैतृक गांव का पता, आधार कार्ड, राशन कार्ड, पैन कार्ड, निर्वाचन पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, बैंक पासबुक और यदि किराये पर रह रहे हैं तो रेंटल एग्रीमेंट की जानकारी अपडेट रखनी चाहिए।





फाइल फोटो

विभिन्न थानों के अधिकारी भी संबंधित लोगों को सलाह दे रहे हैं कि वे संबंधित थाने में मजदूर का चरित्र परीक्षण अवश्य कराएं। पुलिस ने सख्त चेतावनी जारी की है कि यदि यह सूचना नहीं दी गई और कोई अप्रिय घटना घटित हुई तथा कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हुई तो संबंधित ठेकेदार, होटल, बार संचालक या व्यवसायी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## उल्हासनगर में बिना जांच के काम पर रखे जाते हैं बांग्लादेशी

उल्हासनगर शहर में भी अवैध रूप से कई बांग्लादेशी छिपकर रह रहे हैं। जिसमें महिलाओं और पुरुषों का समावेश है। यह बांग्लादेशी खुद को कोलकाता से बताते हैं जबकि वो बांग्लादेश से आए हुए हैं। उल्हासनगर-2 सीरू चौक पर सोनार गली में जहां गोल्ड मेकिंग का कार्य चलता है वहां यह बांग्लादेशी काम करते हैं। इतना ही नहीं यह बांग्लादेशी जो सोना बनाने का कार्य करते हैं वो लाखों रुपए एडवांस लेकर कार्य करते हैं और कई तो सोना व्यापारियों के पैसे और सोने सहित फरार हो जाते हैं। कुछ की शिकायत पुलिस तक पहुंचती है और कई सोना व पैसे ऐंठकर भाग जाते हैं। उल्हासनगर-5 में भी जीन्स वाश कारखानों और बाजार में ऐसे बांग्लादेशी के काम करने की सूचना मिली हुई है। लेकिन इन बांग्लादेशियों पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। कैम्प 4 स्थित श्रीराम चौक पर डांस बार बाजार में भी कई बांग्लादेशी युवतियां होने की खबर है। यहां काम करने वाले बांग्लादेशियों से कोई भी व्यापारी या होटल व्यवसाय उनसे आधार कार्ड या अन्य जानकारी नहीं देते जिस कारण यह खुलेआम यहां पैसे ऐंठकर फरार हो जाते हैं। उपायुक्त को यहां सर्च अभियान के तहत इन घुसपैठियों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

## जेल में गणपत गायकवाड़ को VIP ट्रीटमेंट क्यों?



- हिललाईन गोलीकांड को हुआ एक वर्ष
- वैभव गायकवाड़ को गिरफ्तार करने की मांग
- महेश गायकवाड़ ने निकाला मौन मोर्चा
- उपमुख्यमंत्री कार्यालय के समक्ष देंगे धरना

**कल्याण.** पूर्व भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ ने उल्हासनगर 5 के हिललाइन पुलिस स्टेशन में कल्याण पूर्व के शिवसेना शहर प्रमुख महेश गायकवाड़ पर गोली चलाई थी। इस घटना को एक साल हो गया है, लेकिन इस घटना के आरोपी गणपत गायकवाड़ के बेटे वैभव गायकवाड़ को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।

इसके विरोध में महेश गायकवाड़ ने उल्हासनगर डीसीपी ऑफिस पर आज मौन मोर्चा निकाला। फरार आरोपी वैभव को पुलिस द्वारा खोजे हुए एक साल हो गया है और उसे अभी भी फरार घोषित किया गया है। पुलिस राजनीतिक दबाव में है और गोलीकांड के आरोपी वैभव गायकवाड़ की पोस्ट अभी तक भाजपा ने नहीं हटाई है तथा गिरफ्तार पूर्व विधायक गणपत गायकवाड़ को जेल में वीआईपी ट्रीटमेंट मिलता है, इसलिए अगर मुझे न्याय नहीं मिला तो मैं मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के कार्यालय के समक्ष धरना दूंगा। ऐसा महेश गायकवाड़ ने पत्रकारों से कहा।

## समाचार पत्र विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होगी



- बदलापुर मुख्याधिकारी का आश्वासन
- बदलापुर प्रेस क्लब की मांग सफल हुई

**बदलापुर.** शहर में चल रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत अनजाने में अखबार विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की गई। हालाँकि, उनके खिलाफ आगे कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। कुलगांव बदलापुर नगर पालिका के मुख्य अधिकारी मारुति गायकवाड़ ने आश्वासन दिया है कि उनकी जब्त सामग्री भी उन्हें वापस कर दी जाएगी।

बदलापुर प्रेस क्लब के सदस्यों ने नगर निगम मुख्यालय में मुख्य अधिकारी गायकवाड़ से मुलाकात की। सदस्यों ने समाचार पत्र विक्रेताओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए भी आदेश देने की मांग की। गायकवाड़ ने यह भी कहा कि इस पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। कुलगांव बदलापुर नगर पालिका मुख्य अधिकारी मारुति गायकवाड़ ने शहर में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की है। बदलापुर पूर्व के कुछ इलाकों में कार्रवाई करने के बाद बुधवार को बदलापुर पश्चिम के स्टेशन क्षेत्र और बाजार क्षेत्र में कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान नगर निगम कर्मचारियों ने समाचार पत्र विक्रेताओं के खिलाफ भी कार्रवाई की।

समाचार पत्र विक्रेताओं ने इस कार्रवाई पर नाराजगी जताई। मुंबई शहर में समाचार पत्र विक्रेताओं को नगर निगम ने सुरक्षा प्रदान की है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री बनने के बाद सबसे पहले मुंबई नगर निगम क्षेत्र में समाचार पत्र विक्रेताओं को संरक्षण दिया था। बाद में, ठाणे नगर निगम ने भी समाचार पत्र विक्रेताओं को इसी प्रकार की सुरक्षा प्रदान की।

अखबार विक्रेताओं ने सवाल उठाया कि बदलापुर में कार्रवाई क्यों की गई? इस कार्रवाई के बाद बदलापुर प्रेस क्लब के सदस्यों ने मुख्य अधिकारी मारुति गायकवाड़ से मुलाकात की। इससे शहर के समाचार पत्र विक्रेताओं को राहत मिली है। इस अवसर पर प्रेस क्लब ऑफ बदलापुर के अध्यक्ष विजय पंचमुख, सचिव संजय सालुंके एवं अन्य साथी उपस्थित थे।

## अजय साबले उल्हासनगर मनपा के जनसंपर्क अधिकारी



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगर पालिका में डिप्टी कमिश्नर के पद पर नियुक्त अजय साबले को प्रशासन में उनके अनुभव को देखते हुए कमिश्नर मनीषा अव्हाले ने उन्हें जनसंपर्क अधिकारी के पद की जिम्मेदारी सौंपी है।

अजय साबले दक्षिण सोलापुर से हैं और उन्होंने एमआईटी से इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार में डिग्री और सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की है। महाराष्ट्र सरकार के राजस्व विभाग में तलाठी के रूप में अनुभव रखने वाले अजय साबले प्रतिनियुक्ति पर उल्हासनगर महानगर पालिका की सेवा में शामिल हुए हैं।

उन्होंने 2017 में राजस्व विभाग से परीक्षा पास की। उनकी पहली नियुक्ति नासिक में तलाठी के रूप में हुई। यहीं पर अजय साबले को एमपीएससी के माध्यम से पुलिस सब-इंस्पेक्टर के पद के लिए प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया।

हालांकि, इसी दौरान उन्हें नांदेड़ में प्रोबेशनरी चीफ ऑफिसर के तौर पर नियुक्त किया गया, इसलिए उन्होंने सब-इंस्पेक्टर का पद छोड़कर चीफ ऑफिसर का पद स्वीकार कर लिया। इसके बाद अजय साबले ने सुदूर आदिवासी क्षेत्र में चीफ ऑफिसर के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। गढ़चिरौली और पालघर जैसे क्षेत्रों में विशेष कार्य बल के गठन के बाद, उन्हें सितंबर में प्रतिनियुक्ति पर उल्हासनगर महानगर पालिका में स्थानांतरित कर दिया गया था।

## रिश्वत लेते पकड़े गए लिपिक को मिली दो दिन की पुलिस हिरासत

**कल्याण.** मटन कटिंग और बिक्री के व्यवसाय लायसेंस ट्रांसफर करने के लिए डेढ़ लाख रुपये रिश्वत लेने के मामले में लिपिक सहित 3 अधिकारियों पर आरोप लगे हैं. फरियादी दुराज अब्दुल कादिर अंबिलकर (56) व्यवसाय- दुकानदार, निवास- अंबिलकर बिल्डिंग, पुरानी मछली मार्केट के पास, मौलाना शौकत अली चौक, कल्याण पश्चिम लोक सेवक मनपा लिपिक प्रशांत धीवर द्वारा स्वयं और उनके वरिष्ठ अधिकारियों के लिए, 1.50,000 रुपये रिश्वत लेते हुए एसीबी द्वारा पकड़ा गया. गिरफ्तार आरोपी केडीएमसी कार्यालय के बाजार एवं लाइसेंस विभाग में क्लर्क के पद पर कार्यरत लोक सेवक है. एसीबी की शिकायत पर बाजार पेठ पुलिस स्टेशम में मामला दर्ज कर आरोपी क्लर्क प्रशांत धीवर को कोर्ट में पेश किया गया जहां से कोर्ट द्वारा दो दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है.

## अंबरनाथ में कचरा उठाने का ठेकेदार कर रहा ठेका नियमों का उल्लंघन

- कचरा ठेका रद्द करने की मांग
- शहर में जगह-जगह कचरे का ढेर

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद द्वारा पांच वर्ष के लिए 80 करोड़ रुपयों का ठेका फिर से समीक्षा नामक ठेकेदार को दिया गया है. इसके बावजूद शहर में कई स्थानों पर कचरे का ढेर दिखाई दे रहा है. इसका कारण ये बताया जा रहा है कि ठेकेदार ने नई इलेक्ट्रिक घंटा गाड़ी जितनी चाहिए उतनी नहीं ली है. नगर परिषद ने ठेकेदार को ठेका देते समय ये शर्त रखी थी कि इलेक्ट्रिक घंटा गाड़ी लेना होगी. ठेकेदार का कहना है कि फिलहाल इतना कचरा लेकर डम्पिंग मैदान तक ले जाने के लिए एवं बार-बार फेरी लगाने के लिए इतने क्षमता की इलेक्ट्रिक घंटा गाड़ी बाजार में उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण पुरानी घंटा गाड़ियों से ठेकेदार शहर का कचरा उठा रहा है. डिजल अथवा सीएनजी पर चलने वाली घंटा गाड़ी लेने की तैयारी में ठेकेदार है. लेकिन नपा प्रशासन जिद पर है कि शर्त के अनुसार इलेक्ट्रिक घंटा गाड़ी ही ठेकेदार को लेना है. दोनों की जिद के कारण घंटा गाड़ी की संख्या कम होने से शहर का कचरा उठाया नहीं जा रहा है. शहर में कचरे का ढेर जमा होने का कारण ठेकेदार के साथ-साथ अधिकारी भी हैं. शहरवासियों का कहना है कि ठेकेदार ने इलेक्ट्रिक घंटा गाड़ी नहीं है तो इस शर्त पर ठेका लिया ही क्यों? नपा प्रशासन को चाहिए कि कचरा ठेकेदार का ठेका रद्द किया जाए क्योंकि वह गत महिने से शर्त का उल्लंघन कर रहा है. जिसके कारण शहरवासी परेशान हैं.



फाइल फोटो

## अंबरनाथ में दो ठगों ने लगाया 50 हजार का चूना

- शहर पूर्व के बैंक ऑफ बड़ौदा में हुई घटना
- पुलिस में अपराध दर्ज

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में एक फोटोग्राफर को दो चीटरों ने बैंक के पास एक लाख रुपयों का कपड़े में लपेटा हुआ बंडल बता कर 50 हजार रुपयों का चूना लगाया है. शिवाजी नगर पुलिस दोनों चीटरों की तलाश कर रही है.

पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है. नितिन जाधव ने पुलिस को बताया है कि वह शहर पूर्व के बैंक ऑफ बड़ौदा में 50 हजार रुपए भरने के लिए आए थे. पैसा भरने के लिए वह बैंक की कतार में खड़े थे. इस दौरान एक अज्ञात व्यक्ति आया और कहा कि मेरा बैंक में एकाउंट नहीं है और मेरी पत्नी को मुझे पैसे भेजने हैं. मैं पैसे देता हूं, तुम तुम्हारे एकाउंट में डालो और तुम्हारे मोबाइल से मेरी पत्नी को पैसे भेज दो.

फिर्यादी को उस व्यक्ति पर विश्वास हो गया. उस अज्ञात व्यक्ति ने फिर्यादी के नितिन के हाथों में कपड़े में लपेटे हुए एक लाख रुपए दिए और कहा कि मैंने तुम्हें एक लाख रुपए दिए हैं. इसमें से 50 हजार एकाउंट में डाल दो. ये बोलकर नितिन के हाथ से 50 हजार रुपए ले लिए. नितिन ने जब कपड़ा खोलकर देखा तो उसमें नोट के साइज के पुट्ठे, पेपर भरे हुए थे. नितिन उन दोनों ठगों को ढूंढ़ते रह गए. दोनों वहां से फरार हो चुके थे. इस तरह एक लाख रुपयों के पुट्ठे का बंडल थमाकर नितिन से 50 हजार रुपए लेकर चूना लगाने की घटना शहर पूर्व में घटित हुई है.

## 3 शातिर ठग पुलिस की गिरफ्त में

**भिवंडी.** शांतीनगर पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है.

गिरोह में कुल 5 आरोपी शामिल थे, जिनमें से 2 नाबालिग हैं. पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और 12 मोबाइल फोन, 12 डेबिट कार्ड और 17 चेक बुक बरामद की गई है.गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अब्दुल रब अब्दुल अहाद अंसारी (23), आतिक अहमद अंसारी (20) और मोहम्मद बशर जकी उल्ला अंसारी (20) के रूप में हुई है.

## गणेश जयंती पर टिटवाला गणपति मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

- अभिषेक मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र हुआ भक्तिमय

**कल्याण.** टिटवाला स्थित प्रसिद्ध श्री महागणपति मंदिर में माघी गणेश जयंती के अवसर पर धार्मिक माहौल बना हुआ है तथा हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में गणेश जन्मोत्सव बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया। समारोह सुबह 4 बजे महापूजा और अभिषेक के साथ शुरू हुआ। भगवान गणेश की पूजा चंदन, जल, दूध और पंचामृत से की गई। दोपहर 12.30 बजे जैसे ही वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान गणेश के जन्म की घोषणा हुई, मंदिर परिसर भक्ति में डूब गया।



भगवान गणेश के दर्शन के लिए श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा के साथ मंदिर में उमड़े थे। महागणपति को चंदन की ऊटी, आभूषणों और फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जन्मोत्सव के बाद घंटियों की थाप पर गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंज उठे। गणेश जयंती के उपलक्ष्य में 3 फरवरी तक विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इसमें कीर्तन, भजन, प्रवचन, भक्ति संगीत, अर्घ्यदीप पूजा और विशेष पालकी समारोह शामिल होता है। रविवार को शाम चार बजे भव्य पालकी यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया. हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समारोह बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं की बढ़ती प्रतिक्रिया पर संतोष व्यक्त किया है। मंदिर के ट्रस्टी योगेश जोशी ने कहा कि गणेश जयंती महज एक त्योहार नहीं है, बल्कि एक पवित्र आयोजन है जो भक्तों के बीच आध्यात्मिक बंधन को मजबूत करता है।

## सिंधीयत व समाज सेवा को समर्पित महेश सुखरामानी

जन्मदिन पर विशेष

**उल्हासनगर।** महेश सुखरामानी यह नाम किसी तारिफ का मोहताज नहीं, महेश सुखरामानी को यदि चलती-फिरती समाजसेवा संगठन कहा जाये तो इसमें भी कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी. सिंधी समाज और अन्य सामाजिक गतिविधियों में सदैव अग्रणी भूमिका में रहने वाले महेश सुखरामानी आज सिंधी समाज के प्रथम पंक्ति के नेताओं में अपना उल्लेखनिय स्थान हासिल कर चुके हैं. इस समय श्री सुखरामानी राज्य मंत्री स्तर के महाराष्ट्र सिंधी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष पद पर अपनी सेवाएं दे रहे है।

वर्ष 2007 में उद्योगपति से राजनीतिज्ञ बने महेश सुखरामानी ने भारतीय जनता पार्टी से अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत की. उल्हासनगर मनपा चुनाव में पैनल 6, वार्ड 35 से भाजपा के नगरसेवक बनने के बाद श्री सुखरामानी ने बेहद कम समय में एक से एक कामयाबी हासिल की. नगरसेवक बनने के बाद उन्हें उल्हासनगर मनपा के जलापूर्ति समिति के सभापति और प्रभाग समिति सभापति बनने का अवसर मिला. इन दोनों पदों पर रहकर उन्होंने अपनी कार्यकुशलता का बखूबी से परिचय दिया और उनकी राजनीतिक कार्यकुशलता को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व में उल्हासनगर जिला अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जवाबदारी सौंपी. भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष पद पर रहते हुए उन्होंने कई उल्लेखनीय कामयाबी हासिल की और पार्टी को जमीनी स्तर पर काफी मजबूत किया। राजनीति ताकत को महेश सुखरामानी ने समाज सेवा और विशेषकर सिंधी समाज के उत्थान और संरक्षण, संवर्धन के लिए लगाया. श्री सुखरामानी जल्द ही सिंधी समाज के भी चहेते नेता बन गये और देश-विदेश स्तर पर उन्होंने समाज के कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर सिंधी भाषा, सभ्यता, संस्कृति के प्रचार-प्रसार का काम किया।



सिंधी समाज के प्रति उनकी इसी कर्तव्यनिष्ठा और भारतीय जनता पार्टी के प्रति उनकी वफादारी को देखते हुए प्रदेश भाजपा नेतृत्व ने उन्हें महाराष्ट्र सिंधी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष पद की अति-महत्वपूर्ण जवाबदारी सौंपी है. यह पद राज्य मंत्री स्तर कर पद माना जाता है. सिंधी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष पद पर रहते हुए श्री सुखरामानी ने सिंधी भाषा, सभ्यता, संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए उल्लेखनीय प्रयास किये. सिंधी समाज के कलाकारों, स्टेज आर्टिस्ट, रंगमंच, नाटकों आदि को प्रोत्साहित करने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए जो इतिहास के पन्नों पर स्वर्ण अक्षरों से लिखे जायेंगे। सिंधी समाज के लिए एक प्रेरणा बन चुके श्री महेश सुखरामानी का आज 3 फरवरी को जन्मदिन है, इस अवसर पर उन्हें समाज व शहर की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



## फ़ूड डिलीवरी बॉय पर लोहे की रॉड से हमला



**उल्हासनगर.** दो व्यक्तियों के बीच झगड़ा सुलझाने गए 21 वर्षीय फूड डिलीवरी बॉय हर्ष मोहिते पर चार व्यक्तियों ने धारदार हथियारों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

रात करीब 11 बजे उल्हासनगर 4 के लालचक्की इलाके में सर्वजंग मित्र मंडल के पास एक कार्यक्रम के दौरान नाच-गाने का कार्यक्रम चल रहा था। हर्ष मोहिते और उनके मित्र भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान अचानक रोहित शिंदे और मार्क अल्मेडा के बीच लड़ाई छिड़ जाती है। जब हर्ष विवाद सुलझाने गया तो आरोपी यश शिंदे, राज शिंदे, महेश शिंदे और जय ने हर्ष और उसके दोस्तों के साथ गाली-गलौज की, हर्ष की पीठ पर लोहे की रॉड से वार किया और चाकू जैसे हथियार से उसके हाथ पर वार किया। इसके बाद आरोपियों ने हर्ष के दोस्तों के साथ भी मारपीट की। इस घटना के बाद हर्ष ने विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई और पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस उपनिरीक्षक अरुण दुबले इस अपराध की आगे की जांच कर रहे हैं।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक
संपादकीय

## राष्ट्रपति पर कटाक्ष

संसद के बजट सत्र के पहले राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सोनिया गांधी ने जिस तरह अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की, उस पर विवाद खड़ा हो जाने पर हैरानी नहीं। यह समझ आता है कि विपक्ष को राष्ट्रपति का अभिभाषण पसंद नहीं आता और वह उसमें खामी अवश्य निकालता है, लेकिन आम तौर पर यह काम तब होता है, जब उनके अभिभाषण पर संसद में चर्चा हो रही होती है।

चूंकि राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार की नीतियों को रेखांकित करता है, इसलिए विपक्ष को उसकी आलोचना का अधिकार होता है। वह इस अधिकार का उपयोग करता है और उसे करना भी चाहिए, लेकिन यह अच्छा नहीं हुआ कि सोनिया गांधी ने अभिभाषण के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी करने के स्थान पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पर ही तंज कस दिया। उन्हें यह कहने की आवश्यकता नहीं थी कि आखिर तक आते-आते राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं।

कठिनाई से बोल पा रही थीं। बेचारी महिला। पता नहीं सोनिया गांधी ने यह निष्कर्ष कैसे निकाल लिया और यदि निकाल भी लिया तो उन्हें उसे उन शब्दों में व्यक्त नहीं करना चाहिए था, जिनमें किया। उनके कटाक्ष से तो ऐसा लगा कि राष्ट्रपति अभिभाषण पढ़ने में समर्थ नहीं थीं। पता नहीं कैसे उन्होंने राष्ट्रपति को थका हुआ भी पाया, जबकि स्वयं उनकी आयु उनसे अधिक है।

इस पर आश्चर्य नहीं कि राष्ट्रपति भवन को सोनिया गांधी की टिप्पणी पर अपनी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए यहां तक कहना पड़ा कि वह किसी भी समय थकी हुई नहीं थीं। स्वाभाविक रूप से कांग्रेस नेताओं और खुद प्रियंका गांधी ने सोनिया गांधी का बचाव किया, लेकिन यह समझा जा सके तो बेहतर कि उन्हें अपने शब्दों के चयन में सावधानी बरतनी चाहिए थी।

राष्ट्रपति भवन ने यह सही कहा कि सोनिया गांधी की ओर से जो टिप्पणी की गई, वह सर्वथा टालने योग्य थी। शीर्ष नेताओं को अपनी बात कहते समय पद की गरिमा के साथ अपने शब्द चयन में सावधानी बरतनी चाहिए। उस समय तो और भी जब टिप्पणी राष्ट्रपति के संदर्भ में की जा रही हो। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जिस सामाजिक परिवेश और पृष्ठभूमि से आती हैं, उसे देखते हुए तो और भी संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। समस्या यह है कि सोनिया गांधी हों या राहुल गांधी, वे किसी की आलोचना करते समय शब्दों के सही चयन में प्रायः चूक कर जाते हैं।

# बजट : आसान नहीं आर्थिक चुनौतियों से पार पाना

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्य वर्ग को आयकर में राहत देकर जिस तरह खुशी प्रदान की, उससे बजट की सराहना स्वाभाविक है। 2014 में मोदी सरकार के सत्ता की बागडोर संभालने के समय ढाई लाख रुपये की आय पर कोई टैक्स नहीं लगता था। इस बार इसे बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया गया। इस टैक्स छूट से मध्य वर्ग की जेब में अतिरिक्त पैसा होगा और इसके चलते खपत बढ़ेगी।

इससे अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा, लेकिन कितना, यह आने वाला समय बताएगा, क्योंकि टैक्स छूट से जनता के पास करीब एक लाख करोड़ रुपये ही आएगा। वित्त मंत्री ने बताया कि अगले सप्ताह जो नया आयकर विधेयक लाया जाएगा, वह मौजूदा इनकम टैक्स एक्ट के मुकाबले कहीं अधिक सरल और स्पष्ट होगा। उम्मीद की जा रही है कि इससे इनकम टैक्स एक्ट आपराधिक छवि से मुक्त होगा। यदि ऐसा होता है तो इससे जनता का विश्वास बढ़ेगा और वह समय पर सही तरीके से टैक्स देने को प्रेरित होगी।

बजट में सरकार अपनी नीतियों के जरिये भविष्य की रणनीति भी सामने रखती है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं लगा कि सरकार बजट के माध्यम से किसी बड़े बुनियादी बदलाव की ओर बढ़ रही है। यह जरूर है कि सरकार पूंजीगत खर्च बढ़ाने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ गरीबी उन्मूलन की योजनाओं पर व्यय बढ़ा रही है। यह बढ़ा हुआ खर्च सही तरह तभी इस्तेमाल हो



सकेगा, जब राज्य सरकारें केंद्र की सलाह पर काम करेंगी।

कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रम आदि क्षेत्र में केंद्र की नीतियों पर सही ढंग से अमल राज्यों के सक्रिय सहयोग से ही हो पाता है। इस मामले में डबल इंजन सरकारें अर्थात भाजपा शासित राज्य सरकारों को तो लाभ मिलता है, लेकिन कई बार गैर भाजपा शासित राज्यों में केंद्र की नीतियों को लागू करने में अड़चन आती है। कभी-कभी ये राज्य सरकारें केंद्र का सहयोग भी नहीं करतीं। वे केंद्र से मिले पैसे का उपयोग अपने हिसाब से करने पर जोर देती हैं और यदि केंद्र आपत्ति जताता है तो राज्य केंद्र पर अनावश्यक हस्तक्षेप का आरोप मढ़ते हैं और यह एक राजनीतिक मुद्दा बन जाता है।

बजट से पहले आए आर्थिक सर्वे की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। इस सर्वे ने कहा था कि लोगों के स्वास्थ्य पर अतिरिक्त ध्यान देने की आवश्यकता है। यह ठीक है कि मेडिकल पेशेवरों की कमी दूर करने के लिए सरकार ने दस हजार मेडिकल सीटें बढ़ाने की घोषणा की है, लेकिन केवल इतना ही पर्याप्त नहीं। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता भी बढ़ानी होगी और ऐसे भी उपाय करने होंगे कि लोग सही पोषण लें और अपनी सेहत के प्रति सतर्क रहें, जैसा कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री ने कहा था।

आर्थिक सर्वे में यह भी कहा गया था कि उद्योगों को महंगी बिजली मिल रही है। यह ध्यान रहे कि गरीब तबके को मुफ्त या सस्ती बिजली देने के कारण भी उद्योगों को दी जाने वाली बिजली महंगी हो रही है। अधिकांश राज्यों के बिजली बोर्ड घाटे में चल रहे हैं। बजट में एमएसएमई सेक्टर के लिए कर्ज की सीमा बढ़ाई गई है, लेकिन इस सेक्टर को जिस श्रम सुधार की जरूरत है, उस पर कुछ नहीं कहा गया, जबकि आर्थिक सर्वे ने यह रेखांकित किया था कि भारत का श्रम बाजार मौजूदा आर्थिक चुनौतियों से पार पाने में सक्षम नहीं।

बजट में कौशल विकास पर जोर अवश्य दिया गया है, लेकिन क्या हम इसकी अनदेखी कर सकते हैं कि इस मामले में अभी तक के प्रयास नाकाफी साबित हुए हैं? बेहतर होता कि सरकार ऐसी किसी रणनीति के साथ सामने आती कि कुशल श्रमिकों की कमी सचमुच दूर होती। सरकार को चाहिए था कि बजट के माध्यम से प्राइवेट सेक्टर को कौशल विकास की योजनाओं में निवेश के लिए प्रोत्साहित करती।

आखिर सरकार ने कौशल विकास की जिम्मेदारी निजी क्षेत्र पर ही क्यों नहीं डाली? इसी तरह उसे गिग वर्करों के कल्याण की जिम्मेदारी भी कंपनियों पर डालनी चाहिए थी। इसलिए और भी, क्योंकि आर्थिक सर्वे कह रहा है कि प्राइवेट सेक्टर अपने बढ़े हुए मुनाफे के अनुरूप वेतन नहीं दे रहा है। अर्थव्यवस्था को बल शहरी क्षेत्रों से मिलता है, लेकिन हमारे शहरी क्षेत्र खस्ताहाल हैं।





हम चाहे इसे पहचानें या नहीं, लेकिन प्रभु ही वो धागा हैं जो हमारे जीवन की बुनाई में पिरोए हुए हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# मेडल जीतकर उसे दांत से क्यों काटते हैं खिलाड़ी

**जरा हट के**

ओलंपिक्स हो या कोई अन्य खेल, कई प्रतिस्पर्धाओं में मेडल देने का रिवाज है. प्रथम आने वाले को गोल्ड मेडल, दूसरे व्यक्ति को सिल्वर और तीसरे को ब्रॉन्स. कई बार आपने देखा होगा कि मेडल जीतने के बाद खिलाड़ी अक्सर उन्हें दांत से काटते हुए फोटो खिंचवाते हैं. खिलाड़ियों की ऐसी कई फोटोज वायरल भी होती रहती हैं. पर क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर वो ऐसा क्यों करते हैं? क्या इसके पीछे कोई वैज्ञानिक कारण है या फिर सिर्फ प्रथा है. आखिरकार इसका जवाब मिल गया है. चलिए आपको बताते हैं.

ओलंपिक्स डॉट कॉम वेबसाइट के अनुसार प्राचीन समय में जब सोने के सिक्के मुद्रा के तौर पर इस्तेमाल किए जाते थे, तब व्यापारी सिक्कों को दांत से चबाकर उसकी शुद्धता की जांच किया करते थे. दरअसल, असली सोना नर्म धातु होता है. उसपर अगर तेजी



से दांत गड़ाया जाए तो दांत के निशान पड़ जाते हैं. काफी वक्त तक ऐसा माना गया कि ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी इसी वजह से मेडल को काटते हैं, जिससे वो सोने की शुद्धता का पता लगा सकें. तो क्या सच में फोटो खिंचवाते वक्त सिक्के को दांत से इसी कारण से काटा जाता है?

साल 1912 से पहले इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी असल सोने का मेडल दिया करती थी. पर उसके बाद से ऐसा नहीं होता. तो ऐसे में सोने की जांच करने के लिए मेडल को काटने का कोई मतलब नहीं है. असल वजह है कि फोटोग्राफर, खिलाड़ियों को ऐसा करने के लिए कहते हैं. इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ ओलंपिक हिस्टोरियन्स के प्रेसिडेंट डेविड वौलेनचिन्सकी ने सीएनएन से बातचीत में बताया कि खिलाड़ी इस प्रथा का पालन इसलिए करते हैं क्योंकि फोटोग्राफर उनसे ऐसा करने को कहते हैं.

रिपोर्ट के अनुसार मेडल काटने की प्रक्रिया ओलंपिक में लंबे समय से है. आजकल फोटोग्राफर विजेताओं की मेडल काटते हुए फोटो खींचना चाहते हैं, क्योंकि वो ओलंपिक से जुड़ी प्रतीकात्मक फोटो बन जाती है.

# यमुना का पानी बना चुनावी मुद्दा

अगर राजनीतिक दल स्वच्छ पेयजल को चुनाव का मुद्दा बनाते हैं तो यह एक आदर्श स्थिति है, क्योंकि यह सभी लोगों की सेहत और जीवन से जुड़ा मामला है। लेकिन दिल्ली में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिस तरह एक बार फिर यमुना के पानी के प्रदूषित होने और इससे लोगों के सामने पैदा खतरे का मुद्दा और उस पर विवाद उठा है, वह नई बात नहीं है। गौरतलब है कि यमुना दिल्ली में हरियाणा से होकर आती है और दिल्ली में पीने के पानी का एक बड़ा स्रोत है।

कुछ दिन पहले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा सरकार पर यमुना के पानी में जहर मिलाने का आरोप लगाया था। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भी इसी तरह के आरोप लगाए थे। हरियाणा में भाजपा की सरकार है। इसके अलावा, दिल्ली में चुनाव प्रचार अपने चरम पर है। ऐसे में स्वाभाविक ही यह आरोप एक विवाद का विषय बन गया और चुनाव आयोग ने भी इस मसले पर अरविंद केजरीवाल से जवाब मांगा। जाहिर है, दिल्ली के बाशिंदों के लिए जिन अन्य महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर बात होनी थी, वहां अब फिलहाल बहस इस बात पर है कि इस मामले में कौन पक्ष सच बोल रहा है!

दिल्ली में फिलहाल आम आदमी पार्टी और केंद्र में भाजपा की सरकार है। देश की राजधानी होने के नाते उम्मीद की जाती है कि यहां कम से कम बुनियादी जरूरतों के मसले पर सरकारी तंत्र इतना सजग होगा कि स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता कोई समस्या नहीं बनेगी। मगर यह छिपा नहीं है कि अक्सर किसी न



किसी इलाके से प्रदूषित पानी की आपूर्ति की शिकायतें आती रहती हैं। कई बार पानी की गुणवत्ता इस स्तर की पाई जाती है कि उसे पीना सेहत के लिए खतरनाक होता है। आए दिन पानी की कमी जैसी चिंता भी जाहिर की जाती रहती है। दूषित पेयजल की शिकायत सामने आने के बाद शायद ही कभी इस समस्या के लिए किसी की जिम्मेदारी तय की जाती है। कोई तात्कालिक उपाय करने के बजाय इसका स्थायी समाधान निकालने की कोशिश नहीं होती। मगर चुनाव नजदीक आने के साथ ही सभी राजनीतिक दल यमुना के पानी के प्रदूषित होने, इसकी वजह से पेयजल की स्वच्छता प्रभावित होने और उसके जोखिम को मुद्दा बनाने लगते हैं।

विडंबना यह है कि जैसे ही चुनावी प्रक्रिया पूरी हो जाती है, सरकार बन जाती है, तब सब कुछ पहले की तरह चलने लगता है। यमुना का पानी दूषित होने के कारण जगजाहिर रहे हैं। जो पार्टियां चुनाव प्रचार के दौरान यमुना की सफाई और उसे एक स्वच्छ नदी बनाने के वादे करती हैं, बाद में उनके लिए यह सवाल गौण हो जाता है। सरकार इस नदी की सफाई के लिए आए दिन अपना सरोकार जताती है, उस पर धन खर्च किया जाता है, लेकिन हकीकत यह है कि बीते कई दशक से यमुना सिर्फ एक चुनावी मुद्दा बन कर रह जाती है और बाकी समय दिल्ली के लोग आमतौर पर पीने के साफ पानी को लेकर हर वक्त एक आशंका से गुजरते रहते हैं। जिन राज्यों से यमुना गुजरती है, उनके अपने तर्क हैं। मगर किसी के लिए यह सवाल महत्त्वपूर्ण नहीं है कि इतने लंबे वक्त और अरबों खर्च किए जाने के बावजूद यमुना में अमोनिया का स्तर चिंताजनक क्यों हो जाता है, इसका पानी नहाने तक के लिए सुरक्षित क्यों नहीं बन सका। आज भी अगर यमुना सिर्फ एक चुनावी मुद्दा ही बनी हुई है तो इस मसले पर जताई जाने वाली चिंताओं के प्रति राजनीतिक पार्टियों की इच्छाशक्ति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# अनिद्रा और तनाव का रामबाण इलाज है सर्पगंधा

**जानें इसके चमत्कारी लाभ**

**ये छोटा सा पौधा आपको सेहतमंद बनाने के लिए काफी है. ये एक बड़ी जरूरी आयुर्वेदिक औषधि है. ये अनिद्रा, तनाव और उच्च रक्तचाप जैसी समस्याओं में अत्यंत प्रभावी है. इसे अंग्रेजी में Serpentine या Snake Root कहा जाता है. भारत सहित दूसरे देशों में भी ये पौधा पाया जाता है. इसका उपयोग प्राचीन काल से आयुर्वेदिक चिकित्सा में किया जाता रहा है. सर्पगंधा एक झाड़ीदार पौधा होता है, जिसकी पत्तियां गहरे हरे रंग की और फूल सफेद होते हैं. इसकी जड़ें भूरे रंग की होती हैं, जिनमें औषधीय गुण होते हैं.**

### सांप नहीं आते

ऋषिकेश के 'कायाकल्प हर्बल क्लीनिक' के डॉ. राजकुमार (डीयूएम) कहते हैं कि ये पौधा मुख्य रूप से उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाया जाता है. इसे भारत में जंगलों, खेतों और बगीचों में उगाया जाता है. ये न केवल औषधीय रूप से उपयोगी है, बल्कि मान्यता है कि इसे घर में लगाने से सांप नहीं आते. यह एक बहुउपयोगी आयुर्वेदिक औषधि है, जो अनिद्रा, तनाव, उच्च रक्तचाप और मानसिक विकारों में प्रभावी मानी जाती है. हालांकि, इसका सेवन डॉक्टर की सलाह के अनुसार करना चाहिए.

### औषधीय गुण

सर्पगंधा में कई प्रकार के औषधीय तत्व पाए जाते हैं, जिनमें



रेसर्पिन, अजयमालिन और सार्पेन्टाइन प्रमुख हैं. ये पौधा शरीर को शांत करने, नींद लाने और रक्तचाप को नियंत्रित करने में सहायक है.

### 1. अनिद्रा

सर्पगंधा की जड़ से प्राप्त रस या चूर्ण का सेवन करने से मानसिक शांति मिलती है और नींद की समस्या दूर होती है. ये मस्तिष्क की उत्तेजना को कम करता है और गहरी नींद लाने में सहायक है.

### 2. तनाव और डिप्रेशन

ये तनाव को कम करने में कारगर है क्योंकि ये न्यूरो ट्रांसमीटर पर सकारात्मक प्रभाव डालता है. जो लोग अत्यधिक मानसिक तनाव में रहते हैं, उनके लिए ये औषधि काफी उपयोगी है.

### 3. हाई ब्लड प्रेशर

सर्पगंधा उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने के लिए सबसे प्रभावी आयुर्वेदिक औषधियों में से एक है. इसकी जड़ का अर्क रक्तवाहिनियों को रिलैक्स करता है, जिससे ब्लड प्रेशर कम होता है.

### 4. हिस्टीरिया और मानसिक रोग

हिस्टीरिया, स्किजोफ्रेनिया और अन्य मानसिक विकारों में भी सर्पगंधा का प्रयोग किया जाता है. ये मस्तिष्क की असामान्य गतिविधियों को नियंत्रित करता है और भावनात्मक संतुलन बनाए रखता है.

### 5. सांप विषनाशक गुण

आयुर्वेद में सर्पगंधा का उपयोग सांप के काटने पर विष को निष्क्रिय करने के लिए भी किया जाता है. ये जहर को शरीर में फैलने से रोकता है और शरीर को पुनः स्वस्थ करने में मदद करता है.

# रोटी से बनाएं मिल्क केक

**खाना-खजाना**

**सामग्री**

बची हुई रोटियां से टेस्टी मिल्क केक बनाने के लिए आपको जिन सामग्रियों की जरूरत होगी वो हैं - बची हुई रोटियां (3), देसी घी (2 चम्मच), सूखा नारियल (आधा कप, घिसा हुआ) चीनी ( 1/4 कप यानी लगभग 50 ग्राम), दूध ( दो कप, लगभग 500 मिली), नींबू का रस ( 1/4 चम्मच) और इलायची पाउडर (1/4 चम्मच)।

**ऐसे बनाएं**

बची हुई रोटियों से टेस्टी मिल्क केक बनाने के लिए सबसे पहले हर रोटी को छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ लें। अब इन्हें एक मिक्सर में डालकर पीस लें और एक दरदरा सा पाउडर बनाकर तैयार कर लें। अब गैस पर एक पैन चढ़ाएं और उसमें ये रोटी वाला पाउडर डाल दें। धीमी आंच पर लगभग पांच से सात मिनट के लिए इसे रोस्ट करें। इसी बीच इसमें दो चम्मच देसी घी भी एड करें और उसे भी लगभग तीन से चार मिनट के लिए पकाएं। अब इसमें घिसे हुए सूखे नारियल का पाउडर मिलाएं। इससे मिल्क केक में बहुत ही अच्छा टेक्सचर और खुशबू आएगी। इसे भी लगभग तीन मिनट के लिए रोस्ट करें



जबतक सुनहरा रंग ना आए। अब इसे गैस से उतार कर ठंडा होने के लिए रख दें।

अब गैस पर एक पैन चढ़ाएं और उसमें एक चौथाई कप यानी लगभग 50 ग्राम चीनी डालें। इसे बिल्कुल धीमी आंच पर मेल्ट कर लें। ध्यान रहे आपको इसे ज्यादा देर के लिए नहीं पकाना है। जैसे ही ये हल्की सी पिघलने लगे इसमें आधा लीटर दूध मिला दें। दोनों को एक उबाल आने तक पका लें। अब इसमें थोड़ा सा नींबू का रस एड करें ताकि दूध फट जाए। अब इसमें थोड़ा सा इलायची पाउडर भी डाल दें। दूध को अच्छी तरह पकने के लिए छोड़ दें।

अब अपने रोटी वाले मिक्सचर को एक बार दोबारा मिक्सर में डालकर बारीक पीस लें, ताकि केक का टेक्सचर अच्छा आए। जब दूध पक कर आधा हो जाए तो उसमें इस रोटी वाले मिक्सचर को एड कर दें। सभी चीजों को अच्छी तरह मिक्स करें और दो मिनट पकने दें। ऊपर से आधा कप या अपने स्वादानुसार चीनी एड करें और इसे अच्छे से मेल्ट होने तक पका लें। आपका मिल्क केक मिक्सचर रेडी है। इसे ठंडा होने पर मिल्क केक की शेप दें और मजे से खाएं।

# प्रेशर कुकर की रबर हो गई है ढीली

## लीक हो रही गैस तो टाइट करने के लिए आजमाएं 4 आसान घरेलू ट्रिक्स

**आप हर दिन किचन में दाल, सब्जी, चावल, नॉनवेज आदि फूड आइटम बनाने के लिए प्रेशर कुकर का इस्तेमाल जरूर करते होंगे. कई बार इसका रबर ढीला हो जाता है. ढक्कन लगाते समय यह बार-बार निकल आता है, इस वजह से कुकर में सीटी भी सही से नहीं लगती है. कुकर से पानी बाहर फेंकने लगता है. अब आप मार्केट से रबर खरीद कर नहीं ला सके हैं तो आप कुछ खास ट्रिक से प्रेशर कुकर के रबड़ को ढक्कन में फिट कर सकते हैं. चलिए जानते हैं कुकर के रबर को टाइट करने के आसान से ट्रिक क्या हैं.**

### कुकर की ढीली रबर को फिट करने के ट्रिक्स

- दरअसल, कई बार एक ही रबर को कई महीने इस्तेमाल करने से भी ये ढीली हो जाती है. ऐसे में इसे 3-4 महीने में बदल देना चाहिए. जब भी आप कुकर में कुछ बनाने जाएं तो रबर को 15 मिनट के लिए फ्रिज में रख दें ताकि वह ठंडी होकर टाइट या सिकुड़ जाए. इससे जब आप ढक्कन में रबर लगाएंगे तो ये आसानी से फिट हो जाएगी.
- अगर फ्रिज वाला ट्रिक काम न आए तो आप रबर पर थोड़ा सा सूखा आटा लगा दीजिए. आटा सूखा या फिर गूंदा हुआ भी लगा सकते हैं. अब रबर को ढक्कन पर लगाकर देखें और



कुकर को बंद करें. आसानी से ढक्कन पर रबर फिट हो जाएगी. कुकर से तुरंत सीटी आने लगेगी.

- कुकर में जब सीटी नहीं लगती है तो नॉनवेज आइटम या कोई सब्जी बनानी हो, आलू उबालना हो, ये सब देर में पकेंगे और कच्चे भी रह जाएंगे. इसलिए किसी भी चीज को सही से पकाने के लिए कुकर में प्रेशर आना जरूरी है.
- आप बर्फ वाले पानी में भी रबर को 10 मिनट के लिए छोड़ सकते हैं. इससे भी रबर टाइट हो जाती है और सही से कुकर में प्रेशर भी बनेगा और सीटी भी लगेगी.

### रबर को साफ करने के तरीके

- कुछ लोग ढक्कन में रबर लगे हुए ही धोते हैं. ऐसा करने से उसमें गंदगी जमा होती जाती है. इससे भी रबर खराब हो जाता है. धोने से पहले रबर को निकाल लें.
- कुकर के ढक्कन में रबर को लगातार लगा हुआ ना छोड़ें. इसे निकाल दें. रबर को आप सिर्फ पानी से भी धो सकते हैं, बार-बार बर्तन साफ करने वाले साबुन या लिक्विड लगाने की जरूरत नहीं.
- गास्केट यानी रबर को सही रखने के लिए इसे ढक्कन से निकालने के लिए चाकू या किसी भी नुकीली चीज का यूज न करें वरना हमेशा ऐसे करने से रबर कट जाती है.

# मुलेठी चबाना है अच्छी आदत



मुलेठी, जिसे इंग्लिश में लिकोरिस कहते हैं। इसका नाम तो कई बार सुना होगा। लेकिन क्या आप जानते हैं कि मुलेठी गले की खराश और खांसी के लिए असरदार औषधि है। इसे आयुर्वेद में इसके कई सारे फायदे बताए गए हैं। केवल खांसी ठीक करने के लिए ही नहीं बल्कि मुलेठी को और भी कई सारी समस्याओं में खाने से फायदा मिलता है।

### आयुर्वेद में मुलेठी के फायदे बताए गए हैं

आयुर्वेद में मुलेठी के कई सारे फायदे बताए गए हैं। इसमे एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटी इंफ्लामेटरी और एंटी माइक्रोबियल गुण होते हैं। जो गले के इंफेक्शन को खत्म करने के साथ इम्यूनिटी भी बढ़ाते हैं।

### खांसी और गले की खराश के लिए कारगर

मुलेठी में ब्रोन्कोडायलेटर गुण पाए जाते हैं जो खांसी और ब्रोन्काइटिस जैसी समस्याओं में मदद करते हैं। मुलेठी को कच्चा ही चबाने से खांसी की समस्या दूर होती है। वहीं मुलेठी का पानी पीने से गले की खराश दूर होती है।

### इम्यून सिस्टम बढ़ाने में मदद करती है मुलेठी

मुलेठी में कुछ एंजाइम होते हैं जो बॉडी में लिम्फोसाइट्स और मेक्रोफेज बनाने में मदद करते हैं। इन कोशिकाओं का काम शरीर में आने वाले बैक्टीरिया, एलर्जी और पॉल्यूशन से होने वाले सेल्स को नुकसान से बचाती है। इम्यूनिटी सिस्टम बढ़ाने के लिए मुलेठी की चाय बनाकर रोजाना पीना फायदेमंद है।

### महिलाओं के लिए मुलेठी के हैं कई फायदे

महिलाओं को पीरियड्स के दौरान क्रैम्पस और मेनोपॉज के समय होने वाली दिक्कतों में राहत देता है। यहीं नहीं कई बार हेल्थ एक्सपर्ट पीसीओएस और पीसीओडी में मुलेठी खाने को बोलती हैं। ये शरीर से टेस्टोस्टेरोन के लेवल को कम करने में मदद करती है।

### स्किन के लिए बेहद फायदेमंद है मुलेठी

स्किन में हो रही एलर्जी और सूजन को कम करने में मुलेठी मदद करती है। मुलेठी की मदद से स्किन पर हो रहे एक्ने की प्रॉब्लम कम करने में मदद मिलती है।

*लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.*

# आज का राशिफल

**मेष :** वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। किसी प्रभावशाली वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**वृषभ :** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। आय में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। निवेशादि लाभदायक रहेंगे। दुष्टजनों से सावधान रहें। हानि पहुंचा सकते हैं। प्रमाद न करें।

**मिथुन :** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड मनोनुकूल लाभ देंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क :** धनहानि की आशंका बनती है। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त होगा, धैर्य रखें। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। दौड़धूप होगी। विवाद से क्लेश होगा। किसी व्यक्ति के व्यवहार से मन को ठेस पहुंच सकती है। जमानत के कार्य टालें। आय बनी रहेगी।

**सिंह :** प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी।

**कन्या :** बुरे लोगों की पहचान जरूरी है। उनसे दूर रहें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक मित्र व संबंधी अतिथियों के रूप में घर आ सकते हैं। वाणी पर नियंत्रण रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। कारोबार ठीक चलेगा। प्रमाद न करें।

**तुला :** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लंबी हो सकती है। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। जुए, सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। किसी बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है। प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक :** कुसंगति से बचें। धनहानि हो सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जल्दबाजी में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। व्यापार ठीक चलेगा।

**धनु :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेवजह चिड़चिड़ापन रह सकता है। धनागम होगा। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मित्रों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। व्यापार ठीक चलेगा।

**मकर :** आंखों को चोट व रोग से बचाएं। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। किसी व्यक्ति के व्यवहार से लगेगा कि अपमान हुआ है। नई योजना बनेगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन पर विचार हो सकता है। व्यापार ठीक चलेगा।

**कुंभ :** चिंता तथा तनाव रहेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। धन प्राप्ति सुगम तरीके से होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। भाइयों से मतभेद दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी।

**मीन :** आशंका-कुशंका के चलते कोई बड़ी गलती हो सकती है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। पुराना रोग उभर सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। नकारात्मकता रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### कमर में शराब की बोतल फंसाकर दीवार फांदने लगा युवक, घुस गए कांच के टुकड़े, मौत

**मेरठ.** यूपी के मेरठ में आयोजित एक शादी समारोह में उस समय कोहराम मच गया जब एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। परिवार वालों को रो-रोकर बुरा हाल हो गया। दरअसल शादी में दोस्तों के साथ बैठकर शराब पीने की बात हुई तो युवक शराब की बोतल लेकर पहुंच गया। युवक ने शराब की बोतल को कमर में फंसाया और फिर दीवार कूदने लगा। इसी दौरान कमर में फंसी बोतल टूट गई, जिससे कांच का टुकड़ा युवक के प्राइवेट पार्ट और पेट में घुस गया। कांच लगने से युवक बुरी तरह से लहूलुहान हो गया। जब तक उसे अस्पताल ले जाया जाता तब तक उसकी मौत हो गई।

### दरिंदों ने तीसरी क्लास की छात्रा की हत्या कर शव नाले में फेंका, आठ दिन से लापता थी बच्ची

**लखनऊ.** राजधानी लखनऊ से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां दरिंदों ने तीसरी क्लास की छात्रा का चेहरा पॉलिथीन से ढककर हत्या कर दी। वह आठ दिन से लापता थी। शनिवार को उसका शव नाले के पास औंधे मुंह पड़ा मिला। चेहरा, सिर और पीठ पॉलिथीन से ढका हुआ था। जबकी कपड़े अस्त-व्यवस्त थे। शव देख रेप के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है। जबकि गले में तीन माला मिलने से इसे तंत्र-मंत्र से भी जोड़ा जा रहा है। ये घटना दुबग्गा क्षेत्र का है। बच्ची के पिता के मुताबिक 23 जनवरी की शाम बेटी पावर हाउस बाजार में सब्जी बेचने गई थी। इस दौरान लौटते समय घर से कुछ दूरी पर स्थित एक मैरिज हाल के पास से लापता हो गई थी। काफी खोजबीन के बाद जब उसका पता नहीं चल सका तो दुबग्गा थाने में तहरीर दी गई। पुलिस ने बच्ची की गुमशुदगी दर्ज कर ली थी। शनिवार को सैरपुर इलाके में सहारा सिटी के पास नाले में औंधे मुंह पड़ा मिला। सिर, चेहरा और पीठ पॉलिथीन से ढका था। जबकि गले में तीन माला पड़ी हुई थीं।

### बाबा ने अम्मी को मार दिया- कहकर फफक कर रो पड़े बच्चे, ससुर ने बेरहमी से की थी बहू की हत्या

**खीरी.** खीरी के मितौली में खंजननगर गांव में शुक्रवार को चाय बनाने को लेकर हुए विवाद में ससुर ने अपनी बहू की निर्मम हत्या कर दी थी। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचे शव का पुलिस की गैर मौजूदगी में अंतिम संस्कार कर दिया गया। संवेदनशील मामलों में भी पुलिस की गैर मौजूदगी एक बड़ी लापरवाही मानी जा रही है। मृतका की चार साल की मासूम बेटी अरबिस घटना की चश्मदीद बताई जा रही है। अरबिस ने तोतली आवाज में बताया कि अम्मी को बाबा मारिन...। यह कह कर वह फफक-फफक का रो पड़ी और पास खड़े अपने दस वर्षीय भाई से लिपट गई।

मासूम की बात सुनकर मौके पर मौजूद हर आंख नम हो गई। मृतक के 10 वर्षीय बेटे शमन ने बताया कि सुबह बाबा ने उसे चाय का नाश्ता लेने के लिए गांव की ही दुकान पर भेज दिया जब वह कुछ देर बाद वापस लौटा तो बाबा खून से सना बांका और चाकू हाथ में लिए घर के बाहर कुर्सी पर बैठे थे। शमन ने बताया कि बाबा बोले हमने तुम्हारी अम्मी को मार डाला है, रोना नहीं। हम लोगों को मौके से भगा दिया।

# पति को 10 लाख में किडनी बेचने के लिए किया मजबूर, फिर नकदी लेकर प्रेमी के साथ भागी



**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल से एक अनोखा मामला सामने आया है। राज्य के हावड़ा जिले के सांकराइल की एक महिला ने कथित तौर पर पहले तो अपने पति को 10 लाख में किडनी बेचने के लिए मजबूर किया। पति की किडनी बेच कर जब पैसे मिल गए तो महिला उन पैसों को लेकर अपने प्रेमी के साथ भाग गई।

एक रिपोर्ट के मुताबिक महिला ने अपनी बेटी की शिक्षा और शादी के लिए पैसे जुटाने के लिए पति पर दबाव डाला था। काफी महीनों मना करने के बाद आखिरकार पति अपनी किडनी बेचने के लिए तैयार हो गया। फिर एक साल ढूढ़ने के बाद उसे अपनी किडनी का एक खरीददार मिल गया। व्यक्ति ने यह सोचते हुए अपनी किडनी बेच दी कि इससे उसकी बेटी और उसके परिवार की आर्थिक रूप से मदद होगी। लेकिन वह अपनी पत्नी के गलत इरादों से बेखबर था।किडनी बेचकर जैसे ही पति के पास 10 लाख रुपए आए। महिला नकदी को लेकर अपने प्रेमी के साथ भाग गई।

पति अपने परिवार को किडनी बेचकर गरीबी से निकालने की योजना बना रहा है था। लेकिन उसकी पत्नी अपने भविष्य को लेकर कुछ और ही योजना बना चुकी थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक महिला बैरकपुर के रहने वाले एक चित्रकार से फेसबुक पर मिली थी। इसके बाद यह दोनों रिलेशनशिप में आ गए।

पत्नी के भागने के बाद पति ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को ढूंढ निकाला। इसके बाद पति अपनी 10 साल की बेटी को लेकर बैरकपुर पहुंचा लेकिन महिला ने घर के दरवाजे खोलने से ही इनकार कर दिया। महिला ने अपने पति को धमकी देते हुए कहा कि उसे जो समझ में आए वह वो कर ले। महिला ने कहा कि वह जल्दी ही उसे तलाक देगी।पति लगातार पूरे परिवार और अपनी बेटी के साथ उससे मिन्नतें करता रहा लेकिन महिला का दिल नहीं पसीजा। वह उनसे बात तक करने के लिए घर से बाहर नहीं निकली।

भारत में मानव अंगों की बिक्री 1994 से ही एक कानून के तहत अवैध है। लेकिन डॉक्टरों का मानना है कि दानदाताओं की कमी के कारण मानवीय अंगों की बिक्री लगातार जारी है।

# महाकुंभ में गाड़ियों की एंट्री बंद, VVIP पास रद्द



**प्रयागराज.** महाकुंभ का आज 21वां दिन है। दोपहर 2 बजे तक 97 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक 34.57 करोड़ से ज्यादा लोग संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

भीड़ और सुरक्षा की निगरानी हेलिकॉप्टर से की जा रही है। बसंत पंचमी स्नान को देखते हुए 2 से 4 फरवरी तक प्रयागराज शहर और मेला क्षेत्र में वाहनों की एंट्री बंद कर दी गई है। VVIP पास भी रद्द कर दिए गए हैं।

संगम क्षेत्र में 100 से ज्यादा ट्रेनी आईपीएस क्राउड मेनेजमेंट की ट्रेनिंग के लिए पहुंचे।

मेले में पुलिस और साधु की झड़प का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में पुलिस साधुओं की गाड़ी बैरियर पर रोक रही है, लेकिन वे जबर्दस्ती अंदर घुसना चाह रहे हैं। एक साधु ने बैरिकेड गिरा दिया, इसके बाद उसकी पुलिसकर्मियों से तीखी नोकझोंक हुई।

**नई गाइडलाइन**

- रविवार से 4 फरवरी तक श्रद्धालुओं को अपने वाहन शहर के बाहर पार्किंग में खड़े करने होंगे।
- पार्किंग से वे शटल बस या पैदल घाटों तक पहुंच सकेंगे।
- बड़े और छोटे वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है।
- सभी रेलवे स्टेशनों पर वन-वे व्यवस्था लागू कर दी गई है। एक साइड से श्रद्धालु आएंगे तो दूसरी साइड से निकासी होगी।

# भाजपा में शामिल हुए AAP छोड़ने वाले 8 विधायक

**नई दिल्ली.** आम आदमी पार्टी (AAP) छोड़ने वाले 8 विधायकों ने शनिवार का भाजपा जॉइन कर ली। एक दिन पहले ही इन विधायकों ने चुनाव में टिकट नहीं मिलने और भ्रष्टाचार को अपने इस्तीफे की वजह बताया था।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को वोटिंग है। इसके 4 दिन पहले इन नेताओं का भाजपा में शामिल होना AAP के लिए बड़ी मुसीबत बन सकता है। पार्टी को मिलने वाले वोट पर असर पड़ सकता है।

AAP विधायक ऋतुराज झा ने भाजपा पर इन विधायकों को लालच देने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि मुझे भी पार्टी छोड़ने का लालच दिया गया था, लेकिन मैं आखिरी दम तक AAP में रहूंगा।

AAP ने 21 नवंबर से 20 दिसंबर के बीच यानी 30 दिनों में कुल 5 लिस्ट में 70 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए थे। इसमें 26 विधायकों के टिकट काट दिए गए थे जबकि 4 विधायकों की सीट बदली गई थी। दिल्ली में 5 फरवरी को वोटिंग होनी है। रिजल्ट 8 फरवरी को आएगा।

# दिल्ली में मोदी बोले- झाड़ू के तिनके बिखरे

- आप-दा के नेता छोड़कर जा रहे
- 3 दिन बाद विकास का बसंत आएगा



**नई दिल्ली.** दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को दिल्ली पहुंचे। पीएम ने आरके पुरम में करीब 1 घंटे जनता को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने आप-दा और कांग्रेस पार्टी की आलोचना की।

PM ने रैली की शुरुआत देशवासियों को बसंत पंचमी की बधाई के साथ की। मोदी ने कहा- बसंत पंचमी के साथ ही मौसम बदलना शुरू हो जाता है। तीन दिन बाद 5 फरवरी को दिल्ली में विकास का नया बसंत आने वाला है।

दिल्ली में वोटिंग से पहले ही झाड़ू के तिनके बिखर रहे हैं। आपदा के लीडर्स उसे छोड़कर जा रहे हैं। आपदा पार्टी ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। सरकार वो अच्छी है जो बहाने बनाने के बजाय दिल्ली को सजाने-संवारने में ऊर्जा लगाए।

इस बार दिल्ली में भाजपा सरकार बनने जा रही है। इस बार पूरी दिल्ली कह रही है- अबकी बार मोदी सरकार। साथियों दिल्ली की आपदा पार्टी ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। मेरी दिल्ली के हर परिवार से प्रार्थना है कि राज्य में हमें आप सबकी दिल्ली वासियों की सेवा का अवसर जरूर दें। मैं गारंटी देता हूं कि आपकी हर मुसीबत, हर परेशानी को दूर करने के लिए खप जाऊंगा।

गरीब हो या मिडिल क्लास, हर परिवार का जीवन खुशहाल हो ऐसी डबल इंजन सरकार दिल्ली को मिलेगी। हमें ऐसी सरकार बनानी है जो लड़ाई-झगड़े के बजाय दिल्ली के लोगों की सेवा करे। जो बहाने बनाने के बजाय दिल्ली को सजाने-संवारने में ऊर्जा लगाए। आपने आने वाले 5 साल के लिए केंद्र में भाजपा की पक्की सरकार बना ली है। अब गलती से भी यहां आपदा सरकार नहीं आनी चाहिए।

# किसानों का खटकड़ टोल पर प्रदर्शन खत्म

- कंपनी ने 200 रुपए लौटाए;
- किसान का झंडा लगी गाड़ी से टैक्स नहीं वसूलेंगे

**जींद.** हरियाणा के जींद में दिल्ली-पटियाला नेशनल हाईवे पर स्थित खटकड़ टोल प्लाजा पर 5 घंटे बाद किसानों का प्रदर्शन खत्म हो गया है। प्रशासन ने किसान नेताओं और टोल प्लाजा मैनेजमेंट के बीच मीटिंग कराई।

जिसके बाद किसान नेता रवि आजाद, विकास सिंसर, बिंद्र नंबरदार और सिक्किम सफा खेड़ी ने बताया कि टोल प्रबंधन ने जिन किसान नेताओं के साथ दुर्व्यवहार किया था और टोल काटा था, उनके 200 रुपए वापस कर दिए।




इसके साथ ही यह भी सहमति बनी कि भविष्य में किसान संगठन की किसी भी गाड़ी से टोल नहीं लिया जाएगा। गाड़ी पर झंडा भी लगा होगा तो भी टोल नहीं होगा। किसान अपना आईकार्ड दिखा देंगे। इसके अलावा जिन गाड़ियों पर फास्ट टैग नहीं लगा होगा, वाहनों से दो गुणा की बजाय नार्मल टोल टैक्स लिया जाएगा।

खटकड़ टोल पर प्रतिदिन 7 से 8 हजार वाहन गुजरते हैं, जिससे टोल प्रबंधन को साढ़े आठ से 9 लाख रुपए रेवेन्यू आता है। रविवार को 5 घंटे तक टोल फ्री रहने से इस दौरान 2 हजार से ज्यादा वाहन बिना टोल दिए गुजरे और टोल प्रबंधन को दो लाख से ज्यादा की चपत लगी है। किसानों ने यहां सुबह 11 बजे टोल फ्री कर दिया था। किसान दरी बिछाकर टोल पर बैठे हुए थे। उन्होंने लोगों की गाड़ियां बिना टोल दिए ही वहां से निकालीं।

### फर्जी कागजात की मदद से 19 साल से नौकरी कर रहा था सिपाही

**गोरखपुर.** फर्जी प्रमाणपत्र का इस्तेमाल कर एक युवक 19 साल से पुलिस में नौकरी कर रहा था। अब युवक के खिलाफ कैंट थाने में जालसाजी का केस दर्ज किया गया है। चचेरे भाई के आरोप के बाद जीआरपी में तैनात सिपाही के प्रपत्रों की जांच की गई तो उसमें कमियां सामने आई। इसके बाद एसपी जीआरपी के आदेश पर कैंट थाने में पुलिसकर्मी पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# राजस्थान में आया भूकंप

- बीकानेर में धरती हिली
- 72 किलोमीटर दूर जसरासर में रहा केंद्र
- सहम गए लोग, एक-दूसरे को कॉल किया




**बीकानेर.** बीकानेर में रविवार दोपहर 12.58 बजे भूकंप का झटका महसूस हुआ। भूकंप का केंद्र बीकानेर से 72 किलोमीटर दूर जसरासर के महरामसर में जमीन से 10 किलोमीटर नीचे रहा। भारत के नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (NCS) के मुताबिक रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.6 थी।

अचानक आए भूकंप के झटकों से लोग सहम गए और एक-दूसरे को कॉल किया। अब तक कहीं से भी किसी तरह की जनहानि होने की सूचना नहीं है।

मुरलीधर व्यास कॉलोनी में रहने वाली मीनाक्षी ने बताया कि अचानक सब कुछ हिल गया था। रामकुमार हर्ष ने बताया कि उन्हें भी भूकंप के झटके महसूस हुए हैं।

### भूकंप क्यों आता है?

हमारी धरती की सतह मुख्य तौर पर 7 बड़ी और कई छोटी-छोटी टेक्टोनिक प्लेट्स से मिलकर बनी है। ये प्लेट्स लगातार तैरती रहती हैं और कई बार आपस में टकरा जाती हैं। टकराने से कई बार प्लेट्स के कोने मुड़ जाते हैं और ज्यादा दबाव पड़ने पर ये प्लेट्स टूटने लगती हैं। ऐसे में नीचे से निकली ऊर्जा बाहर की ओर निकलने का रास्ता खोजती है और इस डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।

### यूपी का एक और बस अड्डा होगा अंतरराज्यीय

**कानपुर.** कानपुर को झकरकटी बस अड्डे के बाद एक और अंतरराज्यीय बस अड्डा मिलने वाला है। यह है गुरुदेव पैलेस चौराहा से गंगा बैराज को जाने वाली टू लेन सड़क पर स्थित सिग्नेचर सिटी बस अड्डा। इस बस अड्डे को जल्द ही अंतरराज्यीय बस अड्डे के रूप में तब्दील कर दिया जाएगा। इसके बसों का बेड़ा बढ़ेगा जिससे हर घंटे बस मिलने लगेंगे.

# गुजरात में बस खाई में गिरी, 5 श्रद्धालुओं की मौत : 35 जख्मी

- सभी MP के रहने वाले
- 48 तीर्थयात्री त्र्यंबकेश्वर से द्वारका जा रहे थे

**डांग.** गुजरात के डांग जिले में तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक निजी बस गहरी खाई में गिर गई। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई। 17 गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस के मुताबिक, यह हादसा रविवार सुबह करीब 4.15 बजे हुआ। सापुतारा हिल स्टेशन के पास बस ड्राइवर ने बस पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे वह खाई में गिर गई।

बस महाराष्ट्र के त्र्यंबकेश्वर से 48 तीर्थयात्रियों को लेकर गुजरात के द्वारका जा रही थी, तभी यह दुर्घटना



हुई। अधिकारी ने कहा कि तीर्थयात्री मध्य प्रदेश के गुना, शिवपुरी और अशोकनगर जिलों के थे।

- अधिकारी बोले- ब्रेक फेल होने से हादसा

डांग कलेक्टर महेश पटेल ने कहा- ₹यात्रियों ने बताया, बस सापुतारा में रुकी थी। जहां चाय और नाश्ता किया गया। इसके बाद यात्रा दोबारा शुरू हुई। ऐसा लगता है कि ब्रेक फेल होने के कारण ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया।

- 23 दिसंबर को यात्रा पर निकले थे श्रद्धालु

मध्य प्रदेश के शिवपुरी, गुना और अशोकनगर जिलों से श्रद्धालुओं का दल 23 दिसंबर को धार्मिक यात्रा पर निकला था। ये लोग उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात के अलग-अलग तीर्थ स्थलों की यात्रा कर रहे थे।

# अंडर-19 विमेंस T20 - भारत लगातार दूसरी बार वर्ल्ड चैंपियन




- साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से हराया
- 83 रन का टारगेट 11.2 ओवर में चेज किया

भारत ने लगातार दूसरी बार विमेंस अंडर-19 टी-20 वर्ल्ड कप जीत लिया है। भारतीय टीम ने फाइनल मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से हराया। 2023 में हुए पहले टूर्नामेंट को भी भारत ने जीता था।

रविवार को कुआलालंपुर में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 20 ओवर में 82 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जवाब में भारतीय टीम ने 11.2 ओवर में 1 विकेट पर 83 रन का टारगेट हासिल कर लिया। जी त्रिषा ने 33 बॉल पर 44 रन की पारी खेली। उन्होंने 3 विकेट भी झटके। त्रिषा प्लेयर ऑफ द फाइनल रहीं। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया। त्रिषा ने अपना अवॉर्ड पिता को समर्पित किया।

**हम सभी ने धैर्य बनाये रखने की कोशिश की**

निकी ने फाइनल के बाद कहा, ₹हम सभी ने धैर्य बनाये रखने की कोशिश की। टूर्नामेंट की शुरुआती मैच में जीत दर्ज करने के बाद भी सफलता का खुमार हावी नहीं होने दिया और अपना काम करते रहे।₹
उन्होंने कहा, "हम फाइनल जीत कर अपनी क्षमता को दिखाना चाहते थे। हमें बेहतरीन सुविधाएं देने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का शुक्रिया। मुझे खुशी है कि मैं यहां खड़ी हूं और यह सुनिश्चित कर रही हूं कि भारत शीर्ष पर रहे। यह एक खास पल है।₹
उन्होंने आगे कहा, "टूर्नामेंट की शुरुआत में, मैंने कहा था कि हम यहां दबदबा बनाने के लिए आए हैं, यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारत यहां शीर्ष पर बना रहे। भारतीय कप्तान ने साउथ अफ्रीका की भी तारीफ की। निकी ने कहा, "साउथ अफ्रीकी टीम बहुत अच्छा खेल रही है।

# रूस-चीन को क्यों चाहिए नई करेंसी!



- डॉलर को लेकर क्या है भारत का स्टैंड

**नई दिल्ली.** ब्रिक्स (BRICS) देशों में शामिल चीन और रूस डॉलर की जगह किसी नई करेंसी में व्यापार करने की सोच रखते हैं। हालांकि, भारत इसके खिलाफ है। पिछले वर्षों में ब्रिक्स के कुछ सदस्य देश विशेष रूप से रूस-चीन अमेरिकी डॉलर का विकल्प या ब्रिक्स (BRICS) मुद्रा बनाने की मांग कर रहे हैं। भारत ने कहा है वह डी-डॉलराइजेशन (विश्व व्यापार और वित्तीय लेनदेन में डॉलर के उपयोग में कमी) के खिलाफ है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दिसंबर में कहा था, भारत कभी भी 'डी-डॉलराइजेशन' के पक्ष में नहीं रहा है और ब्रिक्स मुद्रा बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

**नई करेंसी क्यों चाहते हैं?**

ब्रिक्स देश अमेरिकी डॉलर और यूरो पर निर्भरता कम करना चाहते हैं। 2022 में 14वें ब्रिक्स समिट के दौरान रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि सदस्य देश नई रिजर्व करेंसी शुरू करने की योजना बना रहे हैं। ब्राज़ील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने भी डॉलर के दबदबे को कम करने के लिए ब्रिक्स करेंसी बनाए जाने का सुझाव दिया था।
आपको बता दें कि ब्रिक्स दस देशों का संगठन है। इसमें भारत, ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात शामिल है। 2009 में इसकी स्थापना की गई थी। यह ऐसा अंतरराष्ट्रीय समूह है जिसका अमेरिका हिस्सा नहीं है। सदस्य देशों की अर्थव्यवस्था 25 .5 ट्रिलियन से अधिक है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था का 28 है।

# बजट में भारत ने बांग्लादेश को दिए 120 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली.** केंद्रीय बजट 2025-26 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश कर दिया। इसमें भारत के पड़ोसी देशों के लिए भी बजट आवंटित किया गया है। पिछले कुछ समय से बांग्लादेश से चल रहे विवाद के बीच नई दिल्ली से ढाका के लिए 120 करोड़ का बजट दिया है। हालांकि, रकम में एक पैसे की भी बढ़ोतरी न करके भारत ने मोहम्मद यूनुस सरकार को सख्त संदेश दे दिया है। उल्लेखनीय है कि भारत और बांग्लादेश के बीच पिछले साल से ही तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं। शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद से बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं के खिलाफ जमकर हिंसा हुई, जिसमें कई की मौत हो गई।

**आम सूचना**

मैं श्रीमती रेनू राजेश हीराणी सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, 1028.56 चौ.फुट, बैरक नं. 957 के पास, सेक्शन 22, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 34सीओ006202100) उक्त प्रॉपर्टी श्री विजय राजेश हीराणी व श्री दिनेश राजेश हीराणी के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 20.1.2025 सी.नं. 266 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती रेनू राजेश हीराणी

**आम सूचना**

मैं श्रीमती गीता प्रदीप कटारिया सभी को सूचित कर रही हूं कि प्रापर्टी अपर का भाग, रुम नं. 6, 200 चौ.फुट, बैरक नं. 374 के पास, मटन मार्केट सामने सोनारा हाल, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 14बीआय021056200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सिमरन हरिश वलेचा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 13.1.2025 सी.नं. 130 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती गीता प्रदीप कटारिया

**आम सूचना**

मैं श्री दिलीप ईसरदास आहुजा सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 102, 1ला माला, गुडमेन काटेज, रुम नं. 1, बैरक नं. 71, चरनदास चौक, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 15एआय020164700) उक्त प्रॉपर्टी श्री दिलीप हरगुनदास रामरख्याणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 22.1.2025 सी.नं. 234 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री दिलीप ईसरदास आहुजा

**आम सूचना**

मैं श्री परषोतम हीरानंद नरसिंघाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, 491 चौ.फुट, ग्राऊंड फ्लोर, बैरक नं. 631, कारा हाल, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 19बीआय016060700) उक्त प्रॉपर्टी श्री नानिकराम अर्जनदास लीलाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 26.5.2014 सी.नं. 512 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री परषोतम हीरानंद नरसिंघाणी

**आम सूचना**

मैं श्रीमती विमला श्यामलाल टेकवाणी सभी को सूचित कर रही हूं कि शॉप नं. 4, म्यूनसीपल रिकार्डस में शाप नं. 630-ए, 340 चौ.फुट, ग्राऊंड फ्लोर, श्री राम निवास, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 36बीओ006541302) उक्त प्रॉपर्टी श्री संजय श्यामलाल टेकवाणी और अन्य दो जनों के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 20.1.2025 सी.नं. 210 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती विमला श्यामलाल टेकवाणी

## संक्षेप...

### 8 बिजली चोरों पर एफआईआर

**भिवंडी.** टोरेंट पावर कंपनी बिजली चोरों पर शिकंजा कसने में जुटी है. कोनगांव क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ 8 लोगों पर टोरेंट विजिलेंस टीम ने शांतिनगर पुलिस स्टेशन में एफआईआर पुलिस में दाखिल कराई है. पुलिस के अनुसार आरोपियों ने कोनगांव, जुनी ग्रामपंचायत क्षेत्र में अवैध रूप से बिजली जोड़कर उपयोग किया.अवैध रूप से केबल जोड़कर बिजली चोरी में लिप्त मारूती गजानन,किरण रमन म्हात्रे, गुरूनाथ गोविन्द म्हात्रे, प्रकाश मुकुंद म्हात्रे, आकाश पंडित कालन, पंडित गजानन कालन, मिलिंद गोरक्षनाथ पाटिल, सुरभी भालचंद्र गुरव आदि पर बिजली चोरी का मामला दाखिल हुआ है.

# नाना पटोले को लगा झटका

- चेन्निथला ने नाना पटोले की नियुक्तियों को किया रद्द,
- नांदेड़-नवी मुंबई जिला अध्यक्ष की नियुक्ति रद्द



**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की करारी हार के बाद प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। हरियाणा के बाद अब महाराष्ट्र में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने प्रदेश अध्यक्ष द्वारा की गई नियुक्तियों को रद्द कर दिया है। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस समिति (MPCC) के अध्यक्ष नाना पटोले ने पिछले दिनों नांदेड़ और नवी मुंबई के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की थी, लेकिन अब महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला ने इन नियुक्तियों को रद्द कर दिया है।

कुछ दिन पहले वरिष्ठ कांग्रेस नेता और नवी मुंबई के पूर्व महापौर रमाकांत म्हात्रे ने कांग्रेस पार्टी छोड़ दी थी। तब अपने पद से इस्तीफा देते समय उन्होंने कई गंभीर आरोप लगाए।

म्हात्रे ने कहा था कि कांग्रेस के दो नाना में से एक ने विधानसभा चुनाव में उनकी उम्मीदवारी के लिए 4 करोड़ रुपये की मांग की थी। म्हात्रे के आरोपों पर संज्ञान लेते हुए चेन्निथला ने पटोले द्वारा की गई नियुक्ति को निलंबित कर दिया है। यह कहा जा रहा है कि जिला अध्यक्षों की नियुक्ति करते समय अखिल भारतीय समिति की अनुमति नहीं ली थी। इसलिए चेन्निथला ने नियुक्ति को स्थगित करने का निर्णय लिया। इसे नाना पटोले के लिए झटके के तौर पर देखा जा रहा है। विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद नाना पटोले के इस्तीफा देने की अटकलें सामने आई थीं। तब नाना पटोले ने मना कर दिया था।

### संसद सत्र के बाद ऐलान संभव

सूत्र की मानें तो प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार की जिम्मेदारी लेते हुए पार्टी आलाकमान को अपना इस्तीफा भेज दिया है। पार्टी अंदरखाने नए प्रदेश अध्यक्ष की तलाश कर रही है। इस रेस में सीनियर कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार, पूर्व सीएम विलास राव देशमुख के पुत्र अमित देशमुख के अलावा सतेज बंटी पाटिल का नाम आगे चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक संसद के बजट सत्र के बाद इस पर फैसला लिया जा सकता है। प्रदेश अध्यक्ष के लिए यशोमति ठाकुर के नाम की भी चर्चा हो रही है। विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को सिर्फ 16 सीटें मिली हैं। खुद नाना पटोले सकोली से काफी कम अंतर से जीत पाए हैं। महाराष्ट्र से पहले हरियाणा में दीपक बाबरिया ने प्रदेश अध्यक्ष उदय भान के फैसलों पर रोक लगा दी थी।

# कुर्ला इलाके में कबाड़ की एक दुकान में भीषण आग



**मुंबई.** कुर्ला इलाके में कबाड़ की एक दुकान में शनिवार को भीषण आग लग गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग शाम करीब 4.20 बजे कुर्ला पश्चिम में कबाड़ बाजार के सामने स्थित इक्विनॉक्स इमारत के पास एक दुकान में लगी।

उन्होंने बताया कि आग में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। अधिकारी ने बताया कि आग कबाड़ की दुकान के बाहर नहीं फैली। उन्होंने बताया कि दमकल की आठ गाड़ियां और पानी के टैंकर मौके पर भेजे गए हैं तथा आग बुझाने का काम जारी है।

# भिवंडी में 39.75 लाख की कफ सिरप

- 5 लोग गिरफ्तार

उल्हास विकास संवाददाता




**भिवंडी.** भिवंडी में अपराध शाखा ठाणे यूनिट ने गुप्त सूचना के आधार पर प्रतिबंधित कफ सिरप की भारी मात्रा जब्त की है.पुलिस टीम ने 39लाख 75 हजार 200 रुपये मूल्य की RX Codeine Phosphate और Triprolidine Hydrochloride Syrup की कुल 17,640 बोतलें जब्त कर 5 लोगों को गिरफ्तार किया है. नारपोली क्षेत्र में अवैध रूप से प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री की सूचना अपराध शाखा पुलिस को मिली थी. पुलिस ने ओवली गांव बीएमसी पाइप लाइन पर रात 12 बजे के बाद जाल बिछाकर दिलीप हरिराम पाल,ज्योति प्रकाश हृदय नारायणसी, दिनेश सिंह चेत नारायण सिंह, श्याम सुन्दर रविशंकर मिश्रा और इकबाल साजन शेख को हिरासत में लिया. सिरप बगैर लाइसेंस और डॉक्टर प्रिस्क्रिप्शन के बेचने की योजना ब थी. पुलिस ने RX Codeine Phosphate और ONEREX TM Cough Syrup की कुल 147 बॉक्स में 17,640 बोतलें बरामद की.5 आरोपी के खिलाफ ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट कलम 8(क),22(क) और विभिन्न कायदेनुसार मामला दर्ज किया गया है. पुलिस के अनुसार,RX Codeine Phosphate और Triprolidine Hydrochloride Syrup जैसी दवाओं का उपयोग आमतौर पर नशे के लिए किया जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए खतरा है.

# एयरपोर्ट पर कस्टम की टीम ने गांजे की खेप पकड़ी

- 50.116 किलो गांजे की कीमत 50.116 करोड़ रुपये



**मुंबई.** छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट (सीएसएमआई) पर कस्टम विभाग को बड़ी सफलता मिली है. 28 से 31 जनवरी के बीच कस्टम की टीम ने करोड़ों रुपये का ड्रग्स, सोना और हीरा बरामद किया है. अलग अलग 6 मामलों में कार्रवाई करते हुए 8 यात्रियों को गिरफ्तार भी किया गया है. सूत्रों ने बताया कि कस्टम की टीम ने 2 मामलों में गांजे की खेप पकड़ी. 50.116 किलोग्राम गांजे की कीमत 50.116 करोड़ रुपये बताई गई है.

एक मामले में 551.10 कैरेट वजन के हीरे जब्त किए. हीरे की कीमत 93.85 लाख रुपये है. 3 अन्य मामलों में1.549 करोड़ रुपये का 2.073 किलोग्राम सोना तस्करों के पास बरामद किया गया. सूत्रों ने बताया कि स्पॉट प्रोफाइलिंग के आधार पर कस्टम अधिकारियों ने रियाद और मस्कट से आने वाले 2 यात्रियों को रोका. तलाशी लेने पर सोने की छड़ बैग और सोने की धूल यात्री के शरीरे में होने का पता चला. दोनों यात्रियों के पास से 64.50 लाख रुपये का 863 ग्राम सोना बरामद किया गया.

कस्टम अधिकारियों ने खुफिया जानकारी के आधार पर बैंकॉक जा रहे 1 यात्री को रोका. तलाशी लेने पर यात्री के पास से 551.10 कैरेट का हीरा बरामद किया. हीरे की कीमत 93.85 लाख रुपये बताई गई है. यात्री के शरीर का स्कैनिंग करने पर हीरे की मौजूदगी का खुलासा हुआ. कस्टम अधिकारियों ने बैंकॉक से आए 5 यात्रियों को जांच के लिए एयरपोर्ट पर रोका. 2 मामलों में लगभग 50.116 करोड़ रुपये कीमत की ड्रग्स बरामद की गई. सूत्रों ने बताया कि ड्रग्स हाइड्रोपोनिक वीड या गांजे का कुल वजन लगभग 50.116 किलोग्राम था.

### 8 यात्रियों के पास से सोना और ड्रग्स जब्त

ट्रॉली बैग की तलाशी लेने पर पारदर्शी प्लास्टिक के पैकेट मिले. वैक्यूम सीलबंद पैकेट के अंदर से गांजे की खेप निकली. कस्टम की टीम ने बैंकॉक की फ्लाइट से उतरे पांचों यात्रियों को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम में गिरफ्तार कर लिया. दूसरे मामले में विशेष इनपुट के आधार पर दुबई से आए 2 यात्रियों को रोका गया. एयरपोर्ट पर चेकिंग में यात्रियों के शरीर से सोने की धूल बरामद हुई. सोने की धूल का वजन 1.210 किलोग्राम और कीमत 90.42 लाख रुपये है.

### पत्रकार हमला विरोधी समिति प्रदेशाध्यक्ष पद पर

# डा. किशोर पाटील की नियुक्ति

- पत्रकारों ने दी बधाई



### पत्रकारों की सुरक्षा और अधिकारों के लिए प्राथमिकता से उठाएंगे कदम

**भिवंडी.** जिले के प्रतिष्ठित मराठी दैनिक ₹स्वराज्य तोरण₹ के संपादक डॉ.किशोर बलीराम पाटील के उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए आल इंडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक वानखेड़े द्वारा पत्रकार हमला विरोधी क्रियाशील समिति का प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया है.उक्त मौके पर वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हेमंत देसाई, महाराष्ट्र राज्य पत्रकार संघ संस्थापक अध्यक्ष संजय भोकरे, ऑल इंडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष रणधीर कांबले, महाराष्ट्र राज्य पत्रकार संघ कार्याध्यक्ष निलेश सोमाणी, सोशल मीडिया अध्यक्ष सिद्धार्थ भोकरे उपस्थित थे.कार्यक्रम का संचालन एवं प्रस्ताविक भाषण राज्य सरचिटणीस डॉ. विश्वासराव आरोटे ने किया.

नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष किशोर पाटिल ने अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष वानखेड़े सहित अन्य शीर्ष पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, पत्रकार हमला विरोधी क्रियाशील समिति की ओर से पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अधिकारों की रक्षा के लिए कारगार नीति बनाई जाएगी. समिति महिला पत्रकारों की विशेष सुरक्षा और सहायता के लिए भी कार्य करेगी.पत्रकारों के लिए कानूनी सहायता और शिकायत निवारण प्रणाली विकसित करेंगे. पत्रकारों को न्याय दिलाने के लिए ईमानदारी से प्रयास करूंगा.नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष डा. पाटिल को भिवंडी शहर,ग्रामीण क्षेत्र के तमाम पत्रकारों ने पत्रकारिता की नई पारी शुरू किए जाने की बधाई दी है.

### उदित ने इवेंट में फीमेल फैन को किया किस

**मुंबई.** उदित नारायण एक लोकप्रिय बॉलीवुड गायक हैं। उनके लाखों प्रशंसक हैं। उदित नारायण कई गायन कार्यक्रमों में प्रदर्शन करते हैं। ऐसे ही एक शो से उनका एक वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद लोगों ने उदित की हरकत पर नाराजगी जताई है। इस वीडियो को देखने के बाद कई लोगों ने 69 वर्षीय उदित नारायण की आलोचना की है।

उदित नारायण अपने नए वीडियो को लेकर विवादों में घिर गए हैं। इस वीडियो को देखने के बाद नेटिज़न्स नाराज हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा उदित नारायण का यह वीडियो एक लाइव कॉन्सर्ट का है।

इस वीडियो में उदित नारायण अपनी महिला प्रशंसकों को किस करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपने साथ सेल्फी लेने आई महिला प्रशंसकों के साथ फोटो खिंचवाने के बाद किस किया। कॉन्सर्ट का यह वीडियो वायरल हो गया है और नेटिज़ेंस अपना गुस्सा व्यक्त कर रहे हैं।

# मुंबई की मेट्रो परियोजना को 1255.06 करोड़ रु. आवंटित

- बजट में महाराष्ट्र को बड़ी सौगात



**मुंबई.** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का आम बजट संसद में पेश किया. मोदी 3.0 के बजट में महाराष्ट्र को बड़ी सौगात मिली है. बजट में महाराष्ट्र के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बड़ी घोषणाओं का ऐलान किया. वित्त वर्ष 2025-2026 के लिए पेश बजट में मुंबई की मेट्रो परियोजना को 1255.06 करोड़ आवंटित किए गए. पुणे मेट्रो विस्तार परियोजना के लिए 699.13 करोड़ रुपये देने का वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऐलान किया. मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए केंद्रीय बजट में 4004.31 करोड़ देने की घोषणा हुई. केंद्रीय वित्त मंत्री ने महाराष्ट्र की ग्रामीण सड़कों पर भी विशेष ध्यान रखा है. ग्रामीण सड़क सुधार परियोजना के तहत 683.51 करोड़ रुपये मिलेंगे.

### वित्त मंत्री के पिटारे से निकली सौगात

महत्वाकांक्षी मुंबई शहरी परिवहन परियोजनाओं (एमयूटीपी) के लिए 683.51 करोड़ रुपये दिये जाएंगे. एमएमआर के लिए एकीकृत और हरित यात्री सुविधा पर 792.35 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. आम बजट में महाराष्ट्र कृषि व्यवसाय नेटवर्क परियोजना के लिए 596.57 करोड़ रुपये की घोषणा की गई. केंद्रीय वित्त मंत्री ने नागनदी सुधार परियोजना के लिए 295.64 करोड़ रुपये आवंटित करने का ऐलान किया. आम बजट में खेती किसानी पर भी विशेष ध्यान दिया गया.

### महाराष्ट्र के लिए खोला खजाने का मुंह

ऊर्जा कुशल उपसा सिंचाई परियोजना पर 186.44 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. मुला-मुथा नदी संरक्षण के लिए केंद्रीय बजट में 229.94 करोड़ आवंटित किया गया. मोदी 3.0 का बजट महाराष्ट्र की आर्थिक गति को बढ़ावा देने वाला बताया जा रहा है. केंद्रीय बजट में खेती-किसानी से लेकर मिडिल क्लास तक को बड़ी राहत दी गई है. उम्मीद जताई जा रही है कि निर्मला सीतारमण के बजट से महाराष्ट्र वासियों को बड़ा फायदा होगा.

**CHANGE OF NAME**

I Declare My Old Name from
**SURESH HUNDRAJ BHATIA**
to now My New Name is
**SURESH HUNDRAJMAL BHATIA.**
So all the public now call me
**SURESH HUNDRAJMAL BHATIA.**
(Add: Flat no. 602-B, Tirupati Apartment, Chopda Court, Near Regency Hotel, Ulhasnagar-421003. Dist Thane).

**STAFF REQUIRED**

**SINDHI MALE**

Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT

&

For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED

CONTACT :
**MR. RAJESH**
**Mob. No. : 9307579475**

### बीएमसी शुरू करेगी समुद्री जल को मीठे पानी में बदलने का प्रोजेक्ट

**मुंबई.** मुंबई की बढ़ती जल आवश्यकता को देखते हुए बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने एक बार फिर समुद्री जल को शुद्ध करने (डिसेलिनेशन) के प्रोजेक्ट को पुनर्जीवित करने का निर्णय लिया है. इस प्रोजेक्ट के लिए बीएमसी इस महीने नया टेंडर जारी करेगी. मनोरी गांव में 12 हेक्टेयर भूमि पर बनने वाले इस प्लांट की क्षमता प्रारंभिक रूप से 200 मिलियन लीटर प्रतिदिन (एमएलडी) होगी, जिसे भविष्य में 400 एमएलडी तक बढ़ाया जा सकता है.

# मरीजों के लिए ठाणे मनोरोगी अस्पताल में खेलियाड

**क्रिकेट, रस्साकसी, लागोरी, म्यूजिक चेयर कैरम आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन**

**ठाणे.** जब किसी व्यक्ति को किसी कारण से उसकी मानसिक स्थिति खराब होने के बाद देखभाल करना मुश्किल होता है।ऐसे मरीजों के लिए मानसिक अस्पताल उपचार का एक प्रमुख स्रोत हैं।इसलिए मानसिक बीमारी से उबरने में खेल भी मदद कर सकती है।ठाणे मनोरोगी अस्पताल में मनोरोगियों के लिए खेलियाड 2025 का आयोजन किया गया।

इस बार क्रिकेट, रस्साकसी, लागोरी, म्यूजिक चेयर, कैरम आदि खेला गया।मनोरोगी अस्पताल में एक सप्ताह तक चलने वाले खेल महोत्सव में मनोरोग रोगियों, अस्पताल के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए आउटडोर और इनडोर खेल प्रतियोगिताएं होंगी।अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुधीर पुरी ने बताया कि सुपरिटेंडेंट डॉ. नेताजी मुलिक के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में दौड़, बुक बैलेंसिंग, पोटैटो रेस, कैरम, रिंग टारगेट, म्यूजिकल चेयर क्रिकेट, रोपिंग आदि खेल खेल प्रतियोगिता आयोजित किया गया।इस अवसर पर उप सुपरिटेंडेंट डॉ. प्राची चिवटे,डॉ.ममता अलसपुरकर, डॉ.अर्चना गड़करी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गजानन लांजेवार, डॉ. सुरभि रानाडे, डॉ. विजया खंडेपरक, सुधीर पुरी,सुनील कोर, नितिन शिवदे आदि उपस्थित थे।11 फरवरी 1895 को अस्पताल का स्थापना दिवस है इसलिए हर साल फरवरी के पहले सप्ताह में अस्पताल में स्वस्थ होने वाले मरीजों के लिए तमाम खेल प्रतियोगिता आयोजित किया जाता है।



नवजीवन को आपरेटिव बैंक लिमिटेड

**NAV JEEVAN CO-OP. BANK**

THE NAVJEEVAN CO.OP. BANK LTD. ESTD : 1985

*Head Office:*
*Bhawani Saw Mills Compound, Ulhasnagar-3.*
☎: 0251-2572101:2568541/Fax 2567523
Visit us at: www.navjeevanbank.com

**SERVICES AVAILABLE**

**Features and Services of Bank**

- Different types of Deposits Schemes with Attractrive Deposits Rates.
- All types of Loans & Advances facilities with Competitive Rate.
- 24x7 NEFT/RTGS Services.
- Safe and Secure Mobile Banking Service with NEFT and RTGS Services.
- Franking Service in Ulhasnagar and Thane.
- Insurance Service through corporate Partners

**Upcoming Service**

**Blocking & Unblocking ATM cards through SMS.**

# डायरेक्टर ने प्रियंका से की थी गलत डिमांड

- बोलीं- छोटे कपड़े पहनने के लिए कहा था
- इसके बाद फिल्म छोड़ना बेहतर लगा



प्रियंका चोपड़ा हमेशा अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में अपने फिल्मी करियर के शुरुआती दिनों के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि जब वह 19 साल की थीं, तब उन्होंने एक फिल्म साइन की थी। लेकिन डायरेक्टर ने उनसे काफी छोटे कपड़े पहनने की डिमांड की, जिसके कारण उन्होंने फिल्म छोड़ दी और फिर कभी उस शख्स का चेहरा नहीं देखने का भी मन बनाया था।

प्रियंका चोपड़ा ने फोर्ब्स पावर विमेंस समिट के दौरान बात करते हुए कहा कि जब वे 19 साल की थीं, तब एक डायरेक्टर ने उन्हें एक फिल्म के लिए अप्रोच किया था। उस समय डायरेक्टर ने उनसे कहा था कि वे अपनी स्टाइलिस्ट से बात करें कि रोल के लिए किस तरह का हुलिया होगा।

प्रियंका के अनुसार, डायरेक्टर ने स्टाइलिस्ट से कहा था कि लोग थिएटर में तभी आएंगे जब वह पैंटी दिखाएगी, इसलिए उसकी ड्रेस रिवीलिंग होनी चाहिए।

प्रियंका ने आगे कहा, डायरेक्टर ने इस बात को चार बार कहा, लेकिन जब यही बात उसने हिंदी में कही तो सुनकर घिन आ गई, जिस कारण में बुरी तरह से टूट गईं और सोचने लगी कि कोई कोई इंसान महिलाओं को लेकर ऐसी घटिया सोच कैसे रख सकता है?

इसके बाद घर जाकर मैंने अपनी मां को सारी बातें बताईं और कहा कि मैं अब उस डायरेक्टर की शक्ल तक नहीं देख सकती। इतना ही नहीं अगर वो महिलाओं के बारे में ऐसी सोच रखता है तो मुझे उसके साथ काम भी नहीं करना है।

प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में सिटाडेल 2 की शूटिंग खत्म की है। अब वह जल्द ही राजामौली की आगामी फिल्म SSMB29 में साउथ स्टार महेश बाबू के साथ लीड रोल में नजर आ सकती हैं।

### मछली पकड़ने जाने वाले नाविकों को आधार कार्ड अनिवार्य

**मुंबई.** राज्य की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से मत्स्य व्यवसाय विभाग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है. अब सभी बंदरगाहों से मछली पकड़ने जाने वाले प्रत्येक नाविक को क्यूआर-कोडेड आधार कार्ड अपने पास रखना अनिवार्य होगा. इस तरह का निर्देश मत्स्य व्यवसाय विभाग के आयुक्त किशोर तावड़े ने जारी किया है. पिछले दिनों मत्स्य व्यवसाय एवं बंदरगाह विकास मंत्री नितेश राणे ने ससून डॉक का निरीक्षण किया था. इस दौरान उन्होंने देखा कि कई नाविकों के पास आधार कार्ड नहीं है. इसके बाद मंत्री राणे ने सभी नाविकों के लिए आधार कार्ड अनिवार्य करने के निर्देश दिए, जिसके आधार पर यह निर्णय लिया गया है.

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099